किया गया है।

गिनीज बुक में नाम दर्ज कराने के लिए मुवि ने लगाया जोर

प्रयागराज : राजभवन से विश्व योग दिवस-2024 के अवसर पर विश्व में सर्वाधिक योग संबंधी शपथ का रिकार्ड बनाने का निर्देश मिलने के बाद मुक्त विश्वविद्यालय अपने लक्ष्य के बहुत करीब पहुंच चुका है। कुलपति प्रो. सत्यकाम ने विश्वविद्यालय परिसर क्षेत्र केंद्रों एवं संबद्ध अध्ययन केंद्रों से आग्रह किया है कि वह 17 लाख आनलाइन शपथ अभियान में शामिल होकर विश्वविद्यालय के शत प्रतिशत लक्ष्य में अपना योगदान करें। कुलपति ने कहा कि पहले भी हम योग दिवस का आयोजन करते रहे हैं। यह दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं होना चाहिए बल्कि यह दिवस अपने दृष्टिकोण को परिवर्तित करने के लिए है।